जकुआर ग्रुप का भिवाड़ी प्लांट पर 150 करोड़ रुपए का निवेश

जयपुर| कंप्लीट बाथरूम सॉल्यूशंस कंपनी जकुआर भिवाड़ी स्थित प्लांट के विस्तार पर 150 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इससे प्लांट की उत्पादन क्षमता एक लाख बाथ फिटिंग प्रतिदिन हो जाएगी। यह जानकारी कंपनी के निदेशक और प्रमोटर राजेश मेहरा ने दी। वे यहां आर्कएशिया प्रदर्शनी में भाग लेने आए थे। कंपनी का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में 3500 करोड़ रुपए के कारोबार का है। ग्रुप लाइटिंग के क्षेत्र में भी विस्तार कर रहा है। जयपुर में कंपनी नौ मंजिला ओरिएंटेशन सेंटर बना रही है।